कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01.04.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में
डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े की सेवानिवृत्ति पर बिदाई समारोह

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय की राजनीतिशास्त्र की प्राध्यापक डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े 40 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो गयी।

इस अवसर पर महाविद्यालय में बिदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि शासकीय सेवा का यह पड़ाव सभी के जीवन में आता है और हमने इतनी दीर्घ सेवा में जो खोया–पाया है वह स्मृति के रूप में हमारे पास रहता है। हमारे विद्यार्थी और उनकी सफलता ही शिक्षक की पूँजी होती है। डॉ0 सुचित्रा खोब्रागड़े ने इस महाविद्यालय में दीर्घ सेवा दी है जो प्रसंशनीय है।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यपक डॉ. डी.सी. अग्रवाल एवं डॉ. अनिल जैन, डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. सुनीता गुप्ता ने भी इस अवसर पर अपने संस्मरण सांझा किए। डॉ. खोब्रागड़े के परिवार के सदस्यों ने भी इस अवसर पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने अपने सेवाकाल की विभिन्न स्मृतियों की चर्चा करते हुए अपनी उपलब्धियों पर सभी के आत्मीय सहयोग एवं प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में डॉ. खोब्रागड़े को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया तथा स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)